an>

Title: Regarding expansion of Varanasi airport.

श्री राम चरित्र निषाद (मछलीशहर): माननीय सभापति महोदय, मैं ह्रदय की गहराइयों से आपका धन्यवाद प्रकट करता हूँ कि मुझे इस ज़ीरो आवर में पहली बार बोलने का अवसर मिला है। आज इस सदन की एक सुंदरता है कि साधारण से साधारण परिवार का व्यक्ति इस सदन का सदस्य बन सकता है। इसका उदाहरण मैं स्वयं हूँ।

मान्यवर, मैं एक निवेदन कर रहा हूँ कि हिंदुस्तान के सबसे बड़े प्रदेश, उत्तर प्रदेश के मछलीशहर लोक सभा क्षेत्र का मैं प्रतिनिधित्व करता हूँ। बनारस बगल में है। बनारस एयरपोर्ट के बारे में आपसे निवेदन है कि उसका सौंदर्यकरण और विस्तार किया जाए। आपके माध्यम से सरकार से मेरा यही निवेदन है।